पाए जाने वाले वन्यजीवों में मुख्यतः षेर, तेंदुए, साम्भर, वनभैंसा, चित्तल, गौर, बैसन भालू, जंगली सुअर और विभिन्न पक्षियां षामिल हैं।

10. गोमरदा अभ्यारण्य रायगढ़

छत्तीसगढ़ के गोमरदा जिला में 277.82 वर्ग किमी. में फैले गोमरदा अभ्यारण्य को 30.08. 1975 में छत्तीसगढ़ के एक वन्यजीव अभ्यारण्य के रूप के चिन्हित किया गया था। यंहा पाए जाने वाले वन्यजीवों में मुख्यतः षेर, तेंदुए, साम्भर, नीलगाय, चित्तल, गौर, भालू, और विभिन्न पक्षियां षामिल हैं।

11. भोरमदेव अभ्यारण्य दृ कवर्धा (कबीरधाम)

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिला में 163.80 वर्ग किमी. में फैले सीतानदी अभ्यारण्य को 2001 में छत्तीसगढ़ के एक वन्यजीव अभ्यारण्य के रूप के चिन्हित किया गया था। यंहा पाए जाने वाले वन्यजीवों में मुख्यतः बाघ, तेंदुए, साम्भर, नीलगाय, चित्तल और विभिन्न पक्षियां षामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के राश्ट्रीय उद्यान

1. इंद्रावती राश्ट्रीय उद्यान दृ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिला में 2799.08 वर्ग किमी. में फैले इंद्रावती राश्ट्रीय उद्यान को 17. 02.1982 में स्थापित छत्तीसगढ़ में एक राश्ट्रीय उद्यान के रूप के चिन्हित किया गया था। 1983 में इसे टाईगर रिजर्व भी घोशित किया गया था। यंहा पाए जाने वाले वन्यजीवों में मुख्यतः बाघ, तेंदुए, साम्भर, चित्तल, गौर, जंगली भैंसा, मोर और विभिन्न पक्षियां षामिल हैं।

2. कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान दृ बस्तर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला में 200 वर्ग किमी. में फैले कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान को 20. 07.1982 में स्थापित छत्तीसगढ़ में एक राश्ट्रीय उद्यान के रूप के चिन्हित किया गया था। यंहा पाए जाने वाले वन्यजीवों में मुख्यतः बाघ, तेंदुए, साम्भर, चित्तल, पहाड़ी मैना और विभिन्न पक्षियां षामिल हैं।

3. गुरु घांसीदास राश्ट्रीय उद्यान दृ कोरिया

छत्तीसगढ़ के कोरिया जिला में 1440.705 वर्ग किमी. में फैले गुरु घासीदास राश्ट्रीय उद्यान को 23.09.1981 में संजय राश्ट्रीय उद्यान के रूप में स्थापित जिसे 2001 से छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास राश्ट्रीय उद्यान के रूप के चिन्हित किया गया था। यंहा पाए जाने वाले वन्यजीवों में मुख्यतः बाघ, तेंदुए, साम्भर, चित्तल, गौर, जंगली भैंसा, निलगाय और विभिन्न पक्षियां षामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के टाइगर रिजर्व

1. इंद्रावती टाइगर रिजर्व (इंद्रावती राश्ट्रीय उद्यान) दृ यहाँ प्रोजेक्ट टाइगर 1983 में षुरू हुआ था।

2. उदयन्ति टाइगर रिजर्व (उदयन्ति अभ्यारण्य) दृ यहाँ प्रोजेक्ट टाइगर 2006 मे हुआ षुरू था।

3. अचानकमार टाइगर रिजर्व (अचानकमार अभ्यारण्य) दृ यहाँ प्रोजेक्ट टाइगर 2006 में षुरु हुआ था।

4. गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व (गुरु घासीदास राश्ट्रीय उद्यान) दृ यंहा 2014 में नेषनल टाइगर कंजर्वेषन अथॉरिटी ने गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के गठन के लिए अपनी सहमति दे दिया था।

छत्तीसगढ़ के बायोस्फीयर

छत्तीसगढ़ राज्य में सिर्फ एक बायोस्फीयर है अचानकमार, जिसकी स्थापना 2005 में की गई थी। जो देष का 14 वाँ बायोस्फीयर है। इससे पहले 1985 में कांगेर घाटी को बायोस्फीयर बनाने की घोशणा की गई थी, लेकिन स्थापित ना हो सका।

छत्तीसगढ़ की वन्यजीव अभ्यारण्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारीकृ

- छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा अभ्यारण्य दृ तमोर पिंगला अभ्यारण्य सरगुजा में है, जिसका क्षेत्रफल 608.32 वर्ग किमी. है।
- छत्तीसगढ़ का सबसे छोटा अभ्यारण्य बादलखोल, जषपुर में है, इसका क्षेत्रफल 104. 35 वर्ग किमी. है।
- सर्वाधिक मोर उदयन्ती अभ्यारण्य में मिलते हैं।
- छत्तीसगढ़ षासन ने ऑपरेषन एलीफेन्ट 1 जनवरी, सन् 2003 से प्रारम्भ किया था, जिसके तहत उत्पाती जंगली हाथियों को पकड़ने के लिए व प्रषिक्षित करने की जिम्मेदारी असम के प्रसिद्ध हाथी विषेशज्ञ पार्वती बरुआ को दिया गया था।
- प्राणी संरक्षण के लिए 6615 वर्ग किमी. क्षेत्र आरक्षित है।
- राज्य पक्षी पहाड़ी मैना को बस्तर संभाग में देखा जा सकता है।
- छत्तीसगढ़ के राज्य का पषु वन भैंसा उदयन्ती अभ्यारण्य में पाया जाता है। साथ ही पामेड़ और भैरमगढ़ में भी वन भैंसे अधिक संख्या में है।
- कांकेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान, जगदलपुर में दुर्लभ स्टेलेग्माइट गुफाएँ हैं।
- छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक सोन कुन्ता बारनवापारा अभ्यारण्य में मिलते हैं।

- भोरमदेव, कवर्धा राज्य के नवीन अभ्यारण्य हैं।
- छत्तीसगढ़ का टाइगर प्रोजेक्ट राश्ट्रीय उद्यान इन्द्रावती राश्ट्रीय उद्यान बीजापुर है।
- छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक तेन्दुए, सीतानदी अभ्यारण्य, साम्भर बारनवापारा अभ्यारण्य वन भैंसा दृ उदयन्ती, अभ्यारण्य , नीलगाय , तमोर पिंगला अभ्यारण्य में पाये जाते हैं।
- वन्य प्राणियों व पक्षियों के षिकार पर पूर्ण प्रतिबन्ध 24 अक्टूबर, सन् 1982 से अघोशित है।
- छत्तीसगढ़ के उद्यानों व अभ्यारण्यों में सर्वाधिक पाया जाने वाला वन्य जीव चीतल है।
- छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा राश्ट्रीय उद्यान गुरु घासीदास राश्ट्रीय उद्यान है।
- संजय राश्ट्रीय उद्यान का नाम अब गुरु घासीदास राश्ट्रीय उद्यान रखा गया है।
- गुरु घासीदास राश्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल 1440.707 वर्ग कि.मी. है। उद्यान का षेश हिस्सा म.प्र. के सीधी जिले में पड़ता जिसका क्षेत्रफल 497.309 वर्ग

इकाई – 4

छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदियाँ

छत्तीसगढ़ की नदियां :

चार अपवाह तंत्र महानदी, गंगा, गोदावरी, नर्मदा है। जिसके अंतर्गत महानदी, षिवनाथ,अरपा, इंद्रावती, सबरी, लीलागर, हसदो, मांड, पैरी तथा सोंढूर प्रमुख नदियां है। महानदी छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा है।

बस्तर की नदियों को छोड़कर छत्तीसगढ़ की अन्य प्रमुख नदियां दृ षिवनाथ, अरपा, हसदो, सोंढूर, जोंक आदि महानदी में मिलकर इस नदी का हिस्सा बन जाती है।

महानदी तथा इसकी सहायक नदियां पुरे छत्तीसगढ़ का 58.48 प्रतिषत जल समेट लेती है।

षिवनाथ नदी

यह महानदी की सहायक नदी है। यह राजनांदगांव जिले की अंबागढ़ तहसील की 625 मीटर ऊंची पानाबरस पहाड़ी क्षेत्र कोडगुल से निकलकर बलौदाबाजार तहसील के पास महानदी में मिल जाती है। इसकी प्रमुख सहायक नदियां लीलागर, मनियारी, आगर, हांप सुरही, खारुन तथा अरपा आदि हैं। इसकी कुल लम्बाई 290 किमी है। मोंगरा बैराज परियोजना इसी नदी में है।इसका अन्य नाम सीनू या षिवा है।

हसदेव नदी

यह महानदी की दूसरी सबसे लंबी सहायक नदी है तथा कोरबा के कोयला क्षेत्र में तथा चांपा मैदान में प्रवाहित होने वाली प्रमुख नदी है। यह नदी कोरिया जिले की देवगढ़ की पहाड़ी, कैमूर पर्वत से निकलकर कोरबा, जांजगीर–चांपा जिलों में बहती हुई षिवरीनारायण से पहले सिलादेही (केरा) महानदी में मिल जाती है। हसदो का अधिकांष प्रवाह क्षेत्र ऊबड़–खाबड़ है। गज,अहिरण, जटाषंकर,चोरनई,तान,झिंग और उत्तेग नदी हसदेव नदी की प्रमुख सहायक नदियां हैंद्य पीथमपुर (जांजगीर चांपा) हसदेव नदी के तट पर ही स्थित हैद्य इस नदी पर कोरबा में हसदोव बांगो परियोजना (मिनीमाता परियोजना 1964) संचालित है तथा इस नदी पर छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचा बांध (87 मीटर) बनाया गया है द्यइसकी कुल लंबाई 176 किलोमीटर है।

अरपा नदी

इसका उद्गम जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के पठार की पहाड़ी से हुआ है। इसका उद्गम गौरेला विकासखंड के ग्राम खोडरी के समीप है या पेंड्रा विकासखंड के ग्राम अमरपुर के समीप, इस पर मतभेद है। धरातल पर भौगोलिक रूप से इसका उद्गम ग्राम खोडरी के समीप दिखता है। अरपा नदी छत्तीसगढ़ के षहर बिलासपुर की जीवन रेखा है। यह

महानदी की सहायक नदी है। यह खोडरी, बेलगहना, बिलासपुर होते हुए प्रवाहित होती है और बरतोरी के निकट ठाकुर देवा नामक स्थान पर षिवनाथ नदी में मिल जाती है। इसकी लम्बाई 147 किलोमीटर है।

रेणुका नदी

यह सरगुजा,जिला(अंबिकापुर)के मतरिंगा पहाड़ी से निकलती है। बलरामपुर जिला से होते हुए सोन नदी में मिल जाती है,यह नदी सरगुजा की जीवन रेखा कहलाती है इस नदी पर यूपी के मिर्ज़ापुर जिला में सरदार वल्लभपंत सागर बांध बनाया गया है। रेणुका,गोबरी,दबरिया,घुंघुता आदि इसकी सहायक नदियां है। रेणुका नदी पर रकषगंडा जलप्रपात है। इसके अलावा इस नदी के किनारे महेषपुर(सरगुजा) प्राचीन स्थल स्थित है। रेणुका नदी को रिहंद नदी,रेड नदी अरण्य नदी आदि नामों से भी जाना जाता है।

खारुन नदी

यह महानदी की सहायक नदी है। यह दुर्ग संभाग के बालोद जिले के सजारी क्षेत्र से निकलकर षिवनाथ नदी में मिलती है। इस नदी की लम्बाई 208 कि॰मी॰ है तथा प्रवाह क्षेत्र 22,680 वर्ग किलोमीटर है।

मनियारी नदी

यह नदी बिलासपुर के उत्तर–पष्चिम में लोरमी पठार से निकलती है। इसका उद्‌गम स्थल मुखण्डा पहाड़ बेलपान के कुण्ड तथा लोरमी का पहाड़ी क्षेत्र है। यह दक्षिणी–पूर्वी भाग में बिलासपुर तथा मुंगेली तहसील की सीमा बनाती हुई प्रवाहित होती है। आगर, छोटी नर्मदा तथा घोंघा इसकी सहायक नदियां हैं। इस नदी पर खारंग मनियारी जलाषय का निर्माण किया गया है, जिससे मुंगेली तहसील के 42.510 हेक्टेअर क्षेत्र में सिंचाई की जाती है। इस नदी की कुल लंबाई 134 किलोमीटर है।

लीलागर नदी

इस नदी का उद्‌गम कोरबा की पूर्वी पहाड़ी से हुआ है। यह कोरबा क्षेत्र से निकलकर दक्षिण में बिलासपुर और जांजगीर तहसील की सीमा बनाती हुई षिवनाथ नदी में मिल जाती है। इस नदी की कुल लंबाई 135 किलोमीटर और प्रवाह क्षेत्र 2.333 वर्ग किलोमीटर है।

इन्द्रावती नदी

इन्द्रावती गोदावरी की सबसे बड़ी सहायक नदी है। यह बस्तर की जीवनदायिनी नदी है। यह इस संभाग की सबसे बड़ी नदी है। इसका उद्‌गम उड़ीसा राज्य में कालाहाण्डी जिले के युआमल नामक स्थान में डोगरला पहाड़ी से हुआ है। यह आंध्रप्रदेष में जाकर गोदावरी नदी में मिल जाती है। जगदलपुर षहर इसी नदी के तट पर बसा हुआ है। इस नदी का प्रवाह क्षेत्र 26.620 वर्ग किलोमीटर है और लम्बाई 372 किलोमीटर है। डंकिनी और षंखिनी नदी – ये दोनों इन्द्रावती की सहायक नदियां है।

कोटरी नदी

यह इन्द्रावती की सबसे बड़ी सहायक नदी है। इसका उद्‌गम दुर्ग जिले से हुआ है। इसका अप्रवाह क्षेत्र दक्षिण–पष्चम सीमा पर राजनांदगांव की उच्च भूमि पर है।

डंकिनी नदी किलेपाल एवं पाकनार की डांगरी–डोंगरी से तथा षंखिनी नदी बैलाडीला की पहाड़ी के 4,000 फीट ऊंचे नंदीराज षिखर से निकलती है। इन दोनों नदियों का संगम दन्तेवाड़ा में होता है।

उद्‌गम – मोहला तहसील (राजनांदगांव)

बाघ नदी

यह नदी चित्रकूट प्रपात के निकट इन्द्रावती नदी से मिलती है।

––गुडरा नदी

यह नदी छोटे–डोंगर की चट्टानों के बीच अबूझमाड़ की बनों से घिरी हुई पहाड़ियों से प्रवाहित होती है।

मारी नदी

यह नदी दक्षिण–पष्चिम दिषा में भैरमगढ़ से निकलकर बीजापुर की ओर प्रवाहित होती है। इसे मोरल नदी भी कहते हैं।

सबरी नदी

यह दन्तेवाड़ा के निकट बैलाडीला पहाड़ी से निकलती है और कुनावरम् (आन्ध्रप्रदेष) के निकट गोदावरी नदी में मिल जाती है। बस्तर जिले में इसका प्रवाह क्षेत्र 180 किलोमीटर है।

तांदुला नदी

यह नदी कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर के उत्तर में स्थित पहाड़ियों से निकलती है यह षिवनाथ की प्रमुख सहायक नदी है। इसकी लम्बाई 64 किलोमीटर है। तांदुला बांध इसी नदी पर बालोद तथा आदमाबाद के निकट बनाया गया है। इससे पूर्वी भाग में नहरों से सिंचाई होती है।

पैरी नदी

यह महानदी की सहायक नदी है। भातषाढ़ पहाड़ी, तहसील बिंद्रानवागढ़, जिला गरियाबंद से निकलकर महानदी में राजिम में आकर मिलती है। इसकी प्रमुख सहायक नदी सोंढूर है जो कि नरियल पानी से निकलती हैद्य पैरी नदी पर सिकासार परियोजना(1995)और सोंढूर नदी पर सोंढूर परियोजना (1979–80) संचालित हैद्य इसकी लम्बाई 90 किलोमीटर है तथा प्रवाह क्षेत्र 3,000 वर्ग मीटर है।

जोक नदी

यह नदी रायपुर के पूर्वी क्षेत्र का जल लेकर षिवरीनारायण जांजगीर चाम्पा ठीक विपरीत दक्षिणी तट पर महानदी में मिलती है। इसकी रायपुर जिले में लम्बाई 90 किलोमीटर है तथा इसका प्रवाह क्षेत्र 2,480 वर्ग मीटर है।

माण्ड नदी

सरगुजा जिले के मैनपाट से निकलकर यह सरगुजा,रायगढ़,जषपुर की सीमा से होते हुए जांजगीर–चांपा जिलों में बहती हुई चन्द्रपुर (महानदी+मांड+लात) में महानदी से मिल जाती है। कुरकुट एवं कोइराज नदी माण्ड नदी की सहायक नदी हैद्य माण्ड नदी घाटी कोयला प्राप्ति का क्षेत्र हैद्य इसकी लम्बाई 155 किलोमीटर है।

छत्तीसगढ़ के प्रमुख जलप्रपात

छत्तीसगढ़ में कई सुंदर जलप्रपात हैं, जो अपनी नैसर्गिक सुंदरता और ऊंचाई के लिए प्रसिद्ध हैं।

छत्तीसगढ़ की नदियाँ और जलप्रपात राज्य के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राज्य के पर्यटन और जैव विविधता के लिए भी अत्यंत आवष्यक हैं।

छत्तीसगढ़ के प्रमुख जल प्रपात

चित्रकोट

जगदलपुर से 39 किलोमीटर दूर इन्द्रावती नदी पर यह जलप्रपात बनता है। समीक्षकों ने इस प्रपात को आनन्द और आतंक का मिलाप माना है। 90 फुट उपर से इन्द्रावती की ओजस्विन धारा गर्जना करते हुये गिरती है। इसके बहाव में इन्द्रधनुश का मनोरम दृष्य, आल्हादकारी है। यह बस्तर संभाग का सबसे प्रमुख जलप्रपात माना जाता है। जगदलपुर से समीप होने के कारण यह एक प्रमुख पिकनिक स्पाट के रूप में भी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है।

बस्तर में झरनों की कमी नहीं है. यहां तकरीबन हर 60 से 70 किलोमीटर के अंतराल में आपको वाटरफाल मिल जाएंगे, लेकिन इनमें से कई ऐसे हैं जिन तक आज भी कोई सैलानी नहीं पहुंच पाया है. बस्तर का तीरथगढ़ जलप्रपात भी देषभर में काफी मषहूर है. यहां पहाड़, जल और जंगल का ऐसा अनूठा संगम है जहां हर प्रकृति प्रेमी खुद को पहुंचने से रोक नहीं पाता. बस्तर पहुंचने वाला हर सैलानी चित्रकोट के साथ–साथ तीरथगढ़ जलप्रपात भी जरूर पहुंचता है. इसे अगर दूध का झरना भी कहा जाए तो गलत नहीं होगा. चित्रकोट से इसकी दूरी करीब 57 किलोमीटर है. तीरथगढ़ एक ऐसा वॉटरफाल है जहां दो नदियों का संगम

भी होता है. दो सहायक नदियां मुनगा और बहार यहां एक होकर सैलानियों के लिए एक मनोरम दृष्य का निर्माण करती है.

तीरथगढ़ में दरअसल एक नहीं, बल्कि दो–दो झरने है, जो एक के बाद एक पहाड़ों और घने जंगलों के बीच भू–भाग में गिरती है. मजे की बात तो ये यहां दोनों ही झरनों की खूबसूरती को बेहद करीब से निहार सकते हैं. घरे वष्क्षों के बीच पहाड़ों पर बनी सीढ़ियों की मदद से आप गहरी खाई में भी उतर सकते हैं, जहां से मुनगा–बहार नदी के सफर की षुरूआत होती है. तीरथगढ़ जलप्रपात को भारत के सबसे ऊंचे वॉटरफाल्स में गिना जाता है. इसकी ऊंचाई करीब 300 फीट है. यहां प्रकृति की सुंदरता हर रूप में विराजमान है. जहां बस पर्यावरण में खो जाने का मन करता है. यहां आदिवासियों की जिंदगी वैसे तो जरा भी आसान नहीं, लेकिन बस्तर आने पर बस्तरिया हो जाने का मन करता है. षांत माहौल में चिड़ियों की चहचहाहट, 300 फीट की ऊंचाई से गिरता झरना, खूबसूरती की मिसाल पेष करते हरे–भरे पेड़ और बरसाती बूंदों का गिले पत्तों से गिरनाकृ ये सब कुछ आपको एक साथ बस्तर में मिलेंगे. तीरथगढ़ जल प्रपात में मिलेंगे.

(1)छत्तीसगढ़ के पहचान की बात हो और बस्तर का नाम ना लिया जाए ऐसा हो ही नहीं सकता. बस्तरकृ वैसे तो बस्तर को जानने वालों के लिए इसका नाम ही काफी है. पहाड़ों, जंगलों, झरनों और नदियों से घिरा ये इलाका अपने आंचल में कई राज समेटे हुआ है. यहां की संस्कृति, सभ्यता, आदिवासियों का रहन–सहन अपने आप में ही अनूठा है, लेकिन जो लोग बस्तर को नहीं जानते उन्हें यहां सिर्फ लाल आतंक यानी नक्सलियों का साया ही नजर आता है. प्रकृति के असली सौंदर्य को अपने रोम–रोम में समेटे बस्तर में जंगलों के बीच इतने झरने हैं, जहां आज भी सैलानी पहुंच नहीं पाए हैं.

समय के साथ–साथ बस्तर के वो राज भी खुल रहे हैं, जो इतने दिलचस्प और रोचक है कि उसे एक्सप्लोर करने दूसरे राज्यों से भी घुमक्कड़ी कहें या रमता जोगी यहां पहुंच ही जाते हैं. वैसे तो बस्तर को जानने और समझने के लिए काफी कुछ है, लेकिन षुरूआत हमेषा चित्रकोट जलप्रपात से होती है. बस्तर के 16 श्रिंगारों में से एक है चित्रकोट जलप्रपात. चित्रकोट वाटरफाल, 90 फीट की ऊंचाई से गिरता ये झरना इंद्रावती नदी की खूबसूरती पर चार चांद लगा देता है. देषभर में ये जलप्रपात नियाग्रा फॉल के नाम से भी जाना जाता है. यहां तक पहुंचने के लिए सबसे पहले आपको जगदलपुर पहुंचना होगा. यहां से केवल 40 किलोमीटर दूर आपको प्राकृतिक सौंदर्य का ये अनोखा और मनमोहक संगम नजर आएगा. इस बीच सफर में आप ये कहने से खुद को रोक नहीं पाएंगे कि वाकई प्रकृति ने यहां हर कदम को बड़ी ही खूबसूरती और फुर्सत से बनाया है. यहां घूमने के लिए सबसे अच्छा समय मानसून का होता है. क्योंकि इन दिनों इंद्रावती नदी अपने उफान पर होती है. चित्रकूट जलप्रपात देष का सबसे चौड़ा वाटरफाल है. बारिष के मौसम में इसकी चौड़ाई 150 मीटर होती है. रात की खामोषी में झरने की आवाज आपको 3 से 4 किलोमीटर दूर भी सुनाई देगी. मानों पानी की हर एक बूंद चीख–चीख कर चित्रकूट से गिरने की गौरवगाथा का गान कर रही हो.

चित्रकोट जलप्रपात वैसे तो हर मौसम में दर्षनीय है, लेकिन बारिष के दिनों में इसे देखना अधिक रोमांचकारी अनुभव होता है. वर्शा में ऊंचाई से विषाल जलराषि की गर्जना रोमांच और सिहरन पैदा कर देती है. पर्यटकों के यहां आने के लिए जुलाई–अक्टूबर के बीच का समय सबसे सही होता है. चित्रकोट जलप्रपात के आसपास घने जंगल हैं जो उसकी प्राकृतिक सौंदर्यता को और बढ़ा देती है. रात के अंधेरे में भी आप झरने का रोमांच ले सकते हैं, क्योंकि यह जगह रोषनी के साथ सुसज्जित किया हुआ है. अलग–अलग अवसरों पर इस जलप्रपात से कम से कम तीन और अधिकतम सात धाराएं गिरती हैं. झरने के किनारे पर एक विषालकाय षिवलिंग और महादेव का मंदिर भी है. जो हाल फिलहाल में ही बनाया गया है, लेकिन झरने के नीचे अगर आप जाएं तो सैकड़ों की संख्या में छोटे–छोटे षिवलिंग मिलेंगे. इनमें से कई षिवलिंग प्राचीन काल के भी मानें जाते हैं, जिनके ऊपर झरने का पानी सीधे आकर गिरता है, मानों भगवान षिव का जलाभिशेक हो रहा हो. चित्रकोट जलप्रपात की सुंदराता को करीब से निहारने के लिए यहां बोटिंग का आनंद भी ले सकते हैं. नदी में उतरकर 90 फीट की ऊंचाई से गिरते विषाल जलधारा को देखना और उसे महसूस करना थोड़ा डरावना जरूर, लेकिन उत्साह से भरपूर होता है.

सातधारा

इन्द्रावती नदी पर स्थित यह प्रपात सात धाराओं के रूप में नीचे गिरता है। यह जगदलपुर से 68 किलोमीटर दूर बारसूर नगरी से सात किलोमीटर के अन्तराल में अवस्थित है। यह भेड़ाघाट की तरह दर्षनीय है। सात धाराएं क्रमषः १.बोधधारा, २.कपिल धारा, ३.पांडवधारा, ४.कृश्णधारा, ५.षिवधारा, ६.षिवचित्र धारा ७. बाण धाराद्य

महादेव धूमर प्रपात

जगदलपुर से 27 किलोमीटर दूर मावली भाटा के पुजारी पारा पर प्रपात स्थित है। षीतकाल में यह अत्यधिक दर्षनीय है। बस्तरवासी इसे तीरथगढ़ जलप्रपात का गुरु जलप्रपात कहते हैं।

चर्रे–मर्रे झरना

छत्तीसगढ़ की खूबसूरती का जवाब नहीं है। छत्तीसगढ़ में बस्तर के जंगलों में अनेकों जलप्रपात छिपे हुए हैं। जो समय के साथ उभरकर सामने आ रहे हैं. उन्हीं में से एक है चर्रे–मर्रे झरना। यह कांकेर जिले में अंतागढ़ से 15 किलोमीटर दूर स्थित है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में अंतागढ़ ब्लाक से 17 किलोमीटर दूर स्थित,जोगी नदी पर चर्रे–मर्रे जलप्रपात छत्तीसगढ़ में एक और अद्भुत झरना है। इस झरने का मुख्य स्रोत जोगीधारा नदी है, जो मटला घाटी में बहती है जिसे स्थानीय लोगों द्वारा अंतागढ़ नदी या कुत्री नदी भी कहा जाता है। इस झरने को कांकेर जिले के गहना या मुकुट के रूप में भी जाना जाता है। यह एक 16 मीटर ऊंचे जिग जैग झरना है जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्शित करता है। चैरे–मैरे जलप्रपात को देखने के लिए सबसे अच्छा समय अक्टूबर से दिसंबर तक है। मनोरंजन और पिकनिक के लिए यह जगह बहुत आदर्ष है।

चर्रे–मर्रे झरना, कांकेर की एक जोगी नदी पर स्थित टेढ़ी–मेढ़ी झरना है। कांकेर जिला छत्तीसगढ़ के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित है। यह पहले पुराने बस्तर जिले का एक हिस्सा है। पांच नदिया जिले कि प्रवाह के माध्य से गुजरती हैं। ये पांच नदिया महानदी नदी, तुरु नदी, सिन्दुर नदी, दूध नदी और हतकुल नदी हैं। जिले की अर्थव्यवस्था कृशि पर आधारित है और क्षेत्र की मुख्य फसल धान है। क्षेत्र की अन्य महत्वपूर्ण फसलें हैं –मटर, चना, कोदो, रागी, उड़द,मूंग,तिल,रामतिल और गेहूं इत्यादि हैं।

झरना चर्रे–मर्रे, छत्तीसगढ़ मे प्राचीन काल से सबसे सुंदर और सुरम्य झरनो मे से एक है। इस खूबसूरत झरना का एक बड़ा पैमाने है भीड़ खिचना और सदियों से पर्यटकों को आकर्शित करना। चर्रे–मर्रे झरना, कांकेर एक सोलह मीटर उच्च जोगी नदी पर टेढ़ी–मेढ़ी झरना है। भारत के छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में छर्रे–मर्रे झरना अंतगढ़ से 17 किलोमीटर दूर आमबेरा के रास्ते पर है। यहा दुनिया भर से और भारत भर से हर साल हजारों पर्यटकों के लिए यह सुंदर और सुरम्य झरना है।

तीरथगढ़ जलप्रपात :–

कांगेर घाटी के जादूगर के नाम से मषहूर तीरथगढ़ जलप्रपात जगदलपुर से 29 किमी. दूरी पर स्थित है । यह राज्य का सबसे ऊंचा जलप्रपात है यहां 300 फुट ऊपर से पानी नीचे गिरता है कांगेर और उसकी सहायक नदियां मनुगा और बहार मिलकर इस सुंदर जलप्रपात का निर्माम करती है । विषाल जलराषि के साथ इतनी ऊंचाई से भीशण गर्जना के साथ गिरती सफेद जलधारा यहां आए पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव प्रदान करती है। तीरथगढ़ जलप्रपात को देखने का सबसे अच्छा समय बारिष के मौसम के साथ–साथ अक्टूबर से अपैल तक का है।

कांगेर धारा जलप्रपात–

बस्तर जिले में कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान में स्थित इस जलप्रपात की ऊंचाई 20 फुट है । कांगेर घाटी से होकर गुजरने वाली कांगेर नदी पर स्थित इस जलप्रपात का पानी स्वच्छ रहता है इस नदी के भैसादरहा नामक स्थान पर मगमच्छ प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं ।

हाथीदरहा जलप्रपात :–

चित्रकोट बारसूर मार्ग पर सेंदरी गांव में स्थित है हाथी दरहा जलप्रपात । गांव के निकट मटरानाला पर ऊंचाई से गहरी खाई में गिरने वाले इस जलप्रपात की खूबसूरती दूर–दूर तक फैली खाईयां और बढ़ा देती है । इस मेंदरी धूमर जलप्रपात भी कहा जाता है।

तामड़ा जलप्रपात :

बस्तर जिले के चित्रकोट के तीन कि.मी. पहले दक्षिण–पष्चिम दिषा में तामड़ा जलप्रपात स्थित है यहां तामड़ा बहार नदी का पानी करीब 125 फुट की ऊंचाई से नीचे गिरता है।

चित्रधारा जलप्रपात :–

बस्तर जिले में जगदलपुर से 13 कि.मी. दूर करंजी गांव के समीप एक पहाड़ी से खंड–खंड में गिरते पानी वाला यह आकर्शक जलप्रपात है । यह जलप्रपात आसपास के लोगों के लिए पर्यटन का प्रमुख स्थल है।

महादेव धूमर जलप्रपात :

जगदलपुर से 27 कि.मी. दूरी पर स्थित ग्राम मावलीभाठा में महादेव घूमर स्थित है । इसे पुजारी पारा जलप्रपात भी कहा जाता है । यह कई षिलाखंडों से होता हुआ 15–20 फुट ऊंचाई से गहरी खाई में चला जाता है।

सप्तधारा जलप्रपात :

दन्तेवाड़ा में इंद्रावती नदी पर स्थित सप्तधारा जलप्रपात छत्तीसगढ़ का अत्यंत रमणीय पर्यटन स्थल है । यह जलप्रपात बोधघाट पहाड़ी से गिरते हुए क्रमषः बोध धारा, कपिलधारा पाण्डव धारा, कृश्णधारा षिव,धारा बाणधारा और षिवार्चन धारा नामक सात धाराओं का निर्माण करता है। सघन वन में होने के कारण सप्तधार जलप्रपात की रमणीयता और भी बढ़ जाती है।

रानीदरहा जलप्रपातः

दंतेवाड़ा जिले की कोंटा तहसील में स्थित है रानीदरहा जलप्रपात विकासखंड मुख्यालय छिंदगड़ से 30 कि.मी. दूरी पर षबरी पार गांव के समीप स्थित इस जलप्रपात का प्राकृतिक सौंदर्य दर्षनीय है। रानी दरहा के आसपास षबरी नदी का जल गहरा होने के कारण थमा–सा नजर ाता है, जो कि इस जलप्रपात की सुंदरता में और चार चांद लगा देता है।

मलजकुण्डलम जलप्रपात :

यह जल प्रपात कांकेर जिला मुख्यालय से दक्षिण–पष्चिम में 17 कि.मी. की दूरी पर दूधनदी पर स्थित है। यहां पहाड़ी पर स्थित एक कुंड से नीचे गिरती जलधारा अलौकिक दृष्य पैदा करती है। साफ–सुथरा जल नीचे गिरते समय दूधिया धारा का अहसास कराता है।

मंडवा जलप्रपातः

यह जलप्रपात बसतर जिले में राश्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जगदलपुर से 22 किमी. दूरी पर कोलाब नदी पर स्थित है । गुप्तेश्वर नामक स्थान पर प्राकृतिक रूप से बने सि जलप्रपात का सुंदरता अप्रतिम है।

खुरसेल जलप्रपातः

नारायणपुर जिले में स्थित खुरसेल घाटी अंग्रेजों के जमाने से अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्घ रहा है । यहां गुड़ाबेड़ा से करीब 9 कि.मी. की दूरी पर स्थित खुरसेल

जलप्रपात में करीब 400 फुट की ऊंचाई से गिरते हुए कई खण्डों में कुण्डों का निर्माण करता हुआ। यहां एक ओर वष्हत आकार के षिलाखण्डों की सुदरता है तो दूसरी ओर तेज चट्टानी ढाल से नीचे गिरता पानी । मल्गेर इंदुल जलप्रपात : यह जलप्रपात दंतेवाड़ा के कोंटा तहसिल में स्थित है । बैलाडीला पहाडियों से निकलने वाली मल्गेर नदी पर स्थित इस पर्वतीय जलप्रपात का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है।

बोग्तुम जलप्रपातः

दंतेवाड़ा जिले में भोपालपटनम् के निकट पोड़सपल्ली गांव की पहाडियों में स्तित है यह प्राकृतिक जलप्रपात ।

पुलपाड़ इंदुल जलप्रपात :–

बैलाडीला से पहले दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय से सुकमा मार्ग पर नकुलनार के निकट पुलपाड़ गांव में स्थित झरना को पुलपाड़ इंदुल के नाम से जाना जाता है । यहां पहाडियों से गिरती कई धाराओं में बंटी जलराषि जलप्रपात के सौंदर्य को कई गुना बढ़ा देती है ।

केंदई जल प्रपातः

कोरबा जिले के साल के घने वन प्रदेष से घिरे केन्दई गांव में यह जल प्रपात स्थित है यहां एक पहाड़ी नदी करीब 200 फुट की ऊंचाई से नीचे गिरकर इस जलप्रपाच का निर्माण करती है। इस जलप्रपात को पास में स्थित विषाल षिलाखंड से इस जलप्रपात को देखना एक अलग ही अनुभव प्रदान करता है ।

कोठली जलप्रपात :

अंबिकापुर के विख्यात दर्षनीय स्थल डीपाडीह से 15 कि.मी. दूर उत्तरीदिषा में यह जलप्रपात स्थित है । कन्हार नदी में स्थित कोठली जलप्रपात अपने प्राकृतिक सौंदर्य के कारण बरबस ही अपनी ओर ध्यान खींच लेता है ।

अमष्तधारा जलप्रपातः

कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ तहसील में यह मनोहारी जलप्रपात स्थित है। यहां कोरिया की पहाडियों से निकलने वाली हसदो नदी अमष्तधारा जलप्रपात का निर्माण करती है। इस जलप्रपात का पानी स्वास्थ्य की दृश्टि से लाभदायी होने के कारण इस जलप्रपात का अपना महत्व है।

रक्सगण्डा जलप्रपात :

यह प्रसिद्घ जलप्रपात सरगुजा जिले के नलंगी नामक स्थान पर रेहन्द नदी पर स्थित है। यहां नदी का पानी ऊंचाई से गिरकर एक संकरे कुण्ड में समाता है । इस कुण्ड की गहराई बहुत अधिक है। इस कुण्ड से 100 मीटर लंबी सुरंग निकलती है। यह सुरंग जहां समाप्त

होती है वहां से रंग–बिरंगा पानी निकलता रहता है। अपनी इस विचित्रता के कारण यह जलप्रपात लोगों को एक अनोखे प्राकृतिक सौंदर्य का अहसास कराता है।

रानीदाह जलप्रपात :

यह जलप्रपात जषपुर जिला मुख्यालय से 15 कि.मी. की दूी पर स्थित है। इस जलप्रपात के समीप प्रसिद्घ महाकालेश्वर मंदिर और ऐतिहासिक स्थल पंचमैया होने के कारण इसका धार्मिक महत्व भी है । रानीदाह जलप्रपात जून से फरवरी तक चालू रहता है।

राजपुरी जलप्रपात :–

जषपुर जिले के बगीचा विकासखंड मुख्यालय से तीन कि.मी. की दूरी पर यह जलप्रपात स्थित है । यह बारहमासी जलप्रपात है, इसलिए गरमी के दिनों में इसकी सुंदरता बरकरार रहती है । परंतु बारिष के सीजन में इसका प्राकृतिक सौंदर्य और भी निखर जाता है।

दमेरा जलप्रपात :

जषपुर जिले से आठ किमी. की दूरी पर स्थित श्री नाला पर स्थित है दमेरा जलप्रपात । नैसर्गिक खूबसूरती वाले इस जलप्रपात को निहारने का सबसे अच्छा समय जुलाई से दिसंबर तक है।

कुन्दरू घाघः–

सरगुजा जिले की स्थानीय बोली में जलप्रपात को घाघी कहा जाता है। पिंगला नदी जो तामोर पिंगला अभयारण्य के हृदय स्थल से प्रवाहित होती है, इसमें कुदरू घाघ एक मध्य ऊँचाईका सुन्दर जल प्रपात रमकोला से 10 कि.मी.की दूरी पर घने वन के मध्य में स्थित है। यह जल प्रपात दोनों ओर से घने जंगलों से घिरा हुआ है। यह स्थल पारिवारिक वन भोज के लिए मनमोहक, दर्षनीय एवं सुरक्षित सुगम पहुंच योग्य है।

गोडेना जलप्रपात :

पामेड़ अभयारण्य के अंतर्गत यह जलप्रपात कर्रलाझर से 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है । यह स्थान बहुत ही मनोरम एवं एकांत में है, जहां झरने की कलकल ध्वनि पहाड़ से बहती हुई सुनाई देती है । यह जलप्रपात पर्यटकों के लिए पिकनिक मनाने के लिए एक उत्तम स्थान है।

नीलकंठ जलप्रपात बसेरा :–

यह जलप्रपात गुरूघासीदास राश्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत सघन वन से घिरा हुआ है यहां लगभग 100 फुट की ऊँचाई से पानी नीचे गिरता है । यहां स्थित विषाल षिवलिंग भी आकर्शण का प्रमुख केन्द्र है।

पवई जलप्रपात :

सेमरसोत अभयारण्य में पवई जलप्रपात चनान नदी पर स्थित है । यह जलप्रपात लगभग 100 फुट से भी ज्यादा ऊँचाई से गिरता इस जल प्रपात को जब पानी ज्यादा आता है तब धुआंधार कहा जाता है । इस स्थान तक पहुंचने के लिए बलरामपुर से जमुआटांड तक वाहन से जाया जा सकता है।

बेनगंगा जलप्रपात कुसमी :

सामरी राज्य मार्ग पर सामरीपाट के जमीरा ग्राम के पूर्व–दिक्षण कोण पर पर्वतीय श्रंष्खला के बीच बेनगंगा नदी का उद्‌गम् स्थान है । यहां साल वष्क्षों के समूह में एक षिवलिंग भी स्थापित है । वनवासी लोग इसे सरना का नाम देते हैं और इसे पूजनीय मानते हैं । सरना कुंज के निचले भाग से एक जल स्रोत का उद्‌गम होता है यह दक्षिण दिषा की ओर बढ़ता हुआ पहाड़ी की विषाल चट्टानों के बीच आकर जलप्रपात का रूप धारण करता है । प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सघन वनों, चट्टानों को पार करती हुयी वेनगंगा की जलधारा श्रीकोट की ओर प्रवाहित होती है । गंगा दषहरा पर आसपास के ग्रामीण यहां एकत्रित होकर सरना देव एवं देवाधिदेव महादेव की पूजा –अर्चना करने के बाद रात्रि जागरण करते हैं । प्राकृतिक सुशमा से परिपूर्ण यह स्थान पर्यटकों के आकर्शण का केन्द्र है।

भेडिया़ पत्थर जलप्रपात :–

कुसमी चान्दो मार्ग पर तीस कि.मी. की दूरी पर ईदरी ग्राम है । ईदरी ग्राम से तीन. कि. मी. जंगल के बीच भेडिया़ पत्थर जलप्रपात है । यहां भेडिया़ नाला काजल दो पर्वतों के सघन वन के बीच प्रवाहित होता हुआ ईदरी ग्राम के पास करीब दो सौ फुट की ऊँचाई से गिरकर इस जल प्रपात का निर्माण करता है । दो पर्वतों के बीच बहता हुआऐ यह जल प्रपात देखने में एक पुल के समान नजर आता है। इस जल प्रपात के जलकुंड के पास ही एक प्राकृतिक गुफा है, जिसमें पहले भेडिये़ रहा करते थे । यही कारण है कि इस जल प्रपात को भोडिया़ पत्थर जलप्रपात कहा जाता है ।

रानी दहरा :–

कबीरधाम जिला मुख्यालय से जबलपुर मार्ग पर करीब 35 कि.मी. दूरी पर रानी दहरा नामक जलप्रपात भोरमदेव के अंतर्गत आता है । रियासतकाल में यह मनोरम स्थल राजपरिवार के लोगों का प्रमुख मनोरंजन स्थल हुआ करता था। रानीदहरा मैकल पर्वत के आगोस में स्थित है। तीनों ओर पहाड़ों से घिरे इस स्थान पर करीब 90 फुट की ऊंचाई पर स्थित जलप्रपात बर्बस ही लोगों को अपनी ओर आकृश्ट करता है।

सेदम जलप्रपात :

अंबिकापुर–रायगढ़ मार्ग पर अंबिकापुर से 45 कि.मी. की दूरी पर सेदम नामक गांव है । इसके दक्षिण दिषा में दो कि.मी. की दूरी पर पहाडियों के बीच एक खूबसूरत झरना प्रवाहित होता है इसे राम झरना के नाम से जाना जाता है । यहां पर एक षिव मंदिर स्थित है, जहां हर साल षिवरात्रि पर मेला लगता है । इस मनोरम स्थल को देखने सालभर पर्यटक आते हैं।

इकाई –5

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, कार्य एवं उपलब्धियां, छत्तीसगढ़ में रामवन गमन पथ

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बना है. यह मंडल होटल और रिसॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी देता है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल का गठन 18 जनवरी, 2002 को किया गया था। यह मंडल, छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों पर होटल और रिसॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा देता है.

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, इकोटूरिज्म और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ष्टूरिज्म ऑन व्हील्सष अभियान चलाता है.। इस अभियान में दुनिया भर से साइकिलिस्ट भाग लेते हैं और छत्तीसगढ़ के अलग–अलग गंतव्यों पर जाते हैं।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के मुख्य कार्य

- पर्यटन को बढ़ावा देना
- राज्य की सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण करना
- राज्य की समषद्धि में विस्तार करना
- पर्यटकों को समष्द्ध अनुभव देना
- स्थानीय और स्वदेषी समुदायों को पर्यटन विकास में षामिल करना
- छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देना
- छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा देना
- छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को प्रमोट करना
- टूर एंड ट्रैवल एजेंसियों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की बुकिंग कराना
- छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की संभावनाओं को उभारना
- छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देने के लिए साउथ एषिया ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सपो में स्टॉल लगाना

छत्तीसगढ़ में पर्यटन का विकास

राज्य निर्माण के बाद से बीते 25 वर्श में छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास की दिषा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पहले छतीसगढ़ षैषवावस्था में था. उसके बाद वह बड़ा हुआ और अब राज्य पूरी तरह से युवावस्था में आ चुका है. इस दौरान छत्तीसगढ़ का पर्यटन क्षेत्र काफी विस्तारित हुआ है. 25 सालों में छत्तीसगढ़ के पर्यटन ने एक आकार ले लिया है. ताकि

किस दिषा में आगे बढ़ाना है. इसके साथ ही तीर्थ पर्यटन क्षेत्र में हमें किस तरह से आगे बढ़ना है. मुख्यमंत्री भूपेष बघेल की एक महत्वकांषी योजना है. रामवन गमन पर्यटन परिपथ जिसका कार्य छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ के 9 स्थलों पर पहले चरण में विकास के कार्य किए जा रहे हैं. जिसके अंतर्गत चंदखुरी जिला रायपुर और जांजगीर चांपा जिले का षिवरीनारायण विकसित हो चुका है. उसका लोकार्पण भी हो चुका है. इसी तरह से वॉटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म, इको टूरिज्म होमस्टे, फिल्म टूरिज्म के लिए बहुत सारी चीजें हो रही है. जो छत्तीसगढ़ को निष्चित रूप से नया रूप दे रही है. विष्व के मानचित्र पर छत्तीसगढ़ का बस्तर तो था ही लेकिन छत्तीसगढ़ का समग्र अंचल जषपुर से लेकर बस्तर ने विष्व मानचित्र में एक निष्चित स्थान बना लिया है।

राज्य में आने वाले टूरिस्ट की संख्या 1 करोड़ पर जा रही है. अगर तीर्थ पर्यटन की बात की जाए तो सबसे बड़ा उदाहरण राम वन गमन पर्यटन के अंतर्गत चंदखुरी माता कौषल्या धाम का विकास किया गया है. पहले जहां सप्ताह में 500 –700 की संख्या में लोग जाया करते थे. अब उनकी संख्या 2.50 लाख हो गई है. मंदिर समिति के लोगों ने और गांव के लोगों ने यह बात बताई कि लगातार पर्यटकों का आना जारी है. धार्मिक पर्यटन क्षेत्र में चंदखुरी और षिवरीनारायण में भी 10 गुना पर्यटकों की वषद्धि हुई है. इसके साथ ही राज्य के सभी पर्यटन स्थलों में बढ़ोतरी हुई है।

छत्तीसगढ़ का पहला स्थल विष्व धरोहर की सूची में हुआ षामिल

छत्तीसगढ़ के कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान (झटछच) को यूनेस्को की विष्व धरोहर की अस्थायी सूची में प्राकृतिक श्रेणी के अंतर्गत षामिल किया गया है। यूनेस्को द्वारा कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान को विष्व धरोहर की सूची में षामिल किया गया है । कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान न केवल जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि यह स्थानीय जनजातीय संस्कृति और इको–टूरिज्म को भी बढ़ावा देता है। इस सूची में षामिल होने से बस्तर क्षेत्र को अंतर्राश्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी एवं पर्यटन को और भी बढ़ावा मिलेगा । यह उपलब्धि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विशय है ।

उल्लखेनीय है कि यह उद्यान तीन महत्वपूर्ण मापदंडोंकृप्राकृतिक सौंदर्य, भूवैज्ञानिक विषेशताएँ, और जैव विविधता पर खरा उतरता है। कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा उद्यान को यूनेस्को की विष्व धरोहर सूची में षामिल करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ै।प्), संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसे यूनेस्को द्वारा अपने अस्थाई सूची में चयन किया गया है।

कांगेर घाटी में प्राकृतिक सौंदर्य और अनूठी संरचनाएँ

कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान अपने मनमोहक प्राकृतिक दृष्यों, हरी–भरी घाटियों, गहरी खाइयों और झरनों के लिए प्रसिद्ध है। तीरथगढ़ जलप्रपात, जो कांगेर नदी से निकलता है, 150 फीट की ऊंचाई से गिरता हुआ एक अद्भुत दृष्य प्रस्तुत करता है। कांगेर नदी अपने स्वच्छ जल और अनूठी चट्टानी संरचनाओं के कारण महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। इसके अलावा, कोटमसर, कैलाष, दंडक और ऐसी १५ से अधिक गुफाएँ अपने अद्वितीय प्राकृतिक

स्वरूप और ऐतिहासिक महत्व के कारण देष और विदेष के पर्यटकों और वैज्ञानिकों के लिए विषेश आकर्शण का केंद्र हैं।

भूवैज्ञानिक विषेशताएँ और जैव विविधता

यह उद्यान अपनी भूवैज्ञानिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की कार्स्ट संरचनाएँ, चूना पत्थर की गुफाएँ, जल संरचनाएँ और चट्टानी परतें वैज्ञानिकों और षोधकर्ताओं के लिए अध्ययन का एक महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इस क्षेत्र में भूवैज्ञानिक परिवर्तन देखे जाते हैं। चूना पत्थर की गुफाएँ पर्यटकों के लिए विषेश आकर्शण का केंद्र है ।

जैवविविधता से भरपूर यह उद्यान में विभिन्न वनस्पति, वन्यजीव और विषेश प्रजाति के प्रजातीय पाए जाते हैद्य 963 प्रकार की वनस्पतियाँ, जिनमें 120 फैमिली और 574 प्रजातियाँ षामिल हैं। यहाँ दुर्लभ ऑर्किड की 30 प्रजातियाँ दर्ज की गई हैं। 49 स्तनपायी, 210 पक्षी, 37 सरीसृप, 16 उभयचर, 57 मछलियाँ और 141 तितली प्रजातियाँ है । बस्तर हिल मैना (छत्तीसगढ़ का राज्य पक्षी), ट्रैवणकोर वुल्फ स्नेक, ग्रीन पिट वाइपर, मोंटेन ट्रिंकेट स्नेक जैसी दुर्लभ प्रजातियाँ है ।

बस्तर क्षेत्र में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

कांगेर घाटी राश्ट्रीय उद्यान बस्तर की समष्द्ध जनजातीय संस्कृति को संरक्षित करता है। यहाँ गोंड और धुरवा जनजातियाँ रहती हैं, जो अपनी पारंपरिक रीति–रिवाजों, नष्त्य, लोकगीतों और त्योहारों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस क्षेत्र में स्थानीय आदिवासियों द्वारा हस्तषिल्प कला जैसे बांस षिल्प कलाकृतियाँ विषेश रूप से लोकप्रिय हैं। यहाँ के आदिवासी समुदाय प्रकृति से गहराई से जुड़े हुए हैं और जंगलों से जुड़ी अनेक कहानियाँ और मान्यताएँ पीढ़ियों से चली आ रही हैं। इको–टूरिज्म और साहसिक पर्यटन गतिविधियों में जंगल सफारी, बर्ड वॉचिंग, ट्रेकिंग ,कयाकिंग बम्बू राफ्टिंग , कैम्पिंग , होमस्टे , गुफा भ्रमण और फोटोग्राफी के बेहतरीन अवसर मिलते हैं, जिससे यह रोमांचक पर्यटन स्थल बनता है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक गुफाएँ, वन्यजीव, और सांस्कृतिक विरासत इसे छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में षामिल करते हैं।

पर्यटन स्थलों को प्रमोट करने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने बनाया विषेश स्टॉल

दक्षिण एषिया के सबसे बड़े ट्रैवल एक्सपौ।ज्ज्म (साउथ एषिया ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सपो) 2025 में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने अपनी प्रभावषाली उपस्थिति दर्ज कराई है। दिल्ली के यषोभूमि में19 से 21 फरवरी 2025 तक आयोजित इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को प्रमोट करने के लिए एक विषेश स्टॉल लगाया गया, जिसने देषभर के टूर ऑपरेटर्स, निवेषकों और पर्यटकों का ध्यान आकर्शित किया।

एक्सपो के दौरान छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने विभिन्न राज्यों से आए पर्यटन विभाग के अधिकारियों और टूर ऑपरेटर्स से मुलाकात की। प्रेजेंटेषन के माध्यम से चित्रकोट जलप्रपात, बारनवापारा अभयारण्य, बस्तर की गुफाएं, सिरपुर, मैनपाट सहित राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास और निवेष के

अवसरों पर भी प्रकाष डाला। छत्तीसगढ़ सरकार पर्यटकों और निवेषकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने हेतु कई नई योजनाओं पर कार्य कर रही है।

ै ।ज्ज्म2025 में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का स्टॉल एक्सपो के आकर्शण का केंद्र बना रहा, जहां बड़ी संख्या में टूर एंड ट्रैवल एजेंसियों, उद्योग विषेशज्ञों और पर्यटन प्रेमियों ने भाग लिया। एक्सपो में छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों और संभावनाओं को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिससे यह साफ है कि राज्य जल्द ही देष के षीर्श पर्यटन स्थलों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

विभिन्न राज्यों के टूर ऑपरेटरर्स और ट्रेवेल एजेंटस नें ै ।ज्ज्म (साउथ एषिया ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सपो) के स्टाल में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के साथ अपना स्पॉट रजिस्ट्रेषन भी कराया ताकि टूरिज्म बोर्ड की नीतियों के तहत उन्हें टूरिज्म बुकिंग का लाभ मिल सके और दूसरे राज्यों के पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में छत्तीसगढ़ के आकर्शक पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कर सकें। इस छोटी सी षुरूवात ने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के लिए भविश्य की सार्थक संभावनाओं के द्वार खोले हैं।

पर्यटन के क्षेत्र में जषपुर ले रहा नया रूप

छत्तीसगढ़ का जषपुर जिला सुंदर वादियों और नदी पहाड़ झरना से परिपूर्ण खूबसूरत और समष्द्ध सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है अब जिला तेजी से पर्यटकों के आकर्शण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां के घने जंगल, पर्वतीय क्षेत्र, और अनोखी आदिवासी संस्कृति ने जषपुर को एक विषेश पहचान दिलाई है। जिला प्रषासन द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विषेश प्रयास किया जा रहा है।

जषपुर की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के करीब लाना है। इसके तहत पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियाँ जैसे, बर्ड वॉचिंग, और प्राकृतिक स्थल भ्रमण आयोजित किए जाते हैं। इन गतिविधियों से पर्यटकों को पर्यावरणीय स्थिरता का भी ज्ञान मिलता है।

एडवेंचर टूरिज्म

रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रेकिंग, और नदी के किनारे कैंपिंग जैसी गतिविधियाँ पर्यटकों के लिए रोमांचक अनुभव साबित होती हैं। जषपुर के प्राकृतिक परिदृष्य में आयोजित इन गतिविधियों के जरिए पर्यटक न केवल जषपुर की प्राकृतिक सुंदरता को देख सकते हैं, बल्कि साहसिक खेलों का आनंद भी ले सकते हैं।

जिला प्रषासन द्वारा समष्द्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करने के लिए अनुभवात्मक पर्यटन का प्रारूप तैयार किया है। पर्यटक यहां स्थानीय व्यंजनों का स्वाद, आदिवासी कला और षिल्प वर्कषॉप्स, और पारंपरिक नष्त्य–संगीत का आनंद ले सकते हैं।

स्थानीय समुदाय की भागीदारी और योगदान

स्थानीय समुदाय को रोजगार के अवसर प्रदान कर, सामुदायिक विकास में अपना योगदान देते हैं। स्थानीय गाइड्स, षिल्पकार, और साथ जुड़कर न केवल अपने परिवार की सहायता

करते हैं बल्कि जषपुर की सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करते हैं। इसका उद्देष्य केवल पर्यटकों को आकर्शित करना नहीं है, बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति को जीवित रखना भी है। जिला प्रषासन स्थानीय कलाकारों के हस्तषिल्प और पारंपरिक उत्पादों को उनके स्टोर पर प्रदर्षित करता है, जिससे स्थानीय षिल्पकारों को अपनी कला को प्रदर्षित करने का मंच मिलता है। साथ ही, यह स्थानीय उत्पादों का उपयोग करके किसानों और षिल्पकारों को आर्थिक समर्थन प्रदान कर रहा है।

भविश्य की योजनाएँ और नवाचार

आने वाले वर्शों में योजना है कि जषपुर को छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाया जाए, जहां पर्यटक प्रकृति, रोमांच, और संस्कृति का अनूठा अनुभव प्राप्त कर सकें। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए, कार्यक्रमों में इको–फ्रेंडली दृश्टिकोण को षामिल करना मुख्य लक्ष्य है।

दुड़मा वाटरफॉल

छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदा में दुड़मा वाटरफॉल ने एक नई पहचान बनाई है। यह स्थल न केवल राज्य के पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों के रोजगार और आजीविका का भी साधन बन रहा है। पर्यटकों के उत्साह और सरकार की पहल से यह स्पश्ट है कि दुड़मा वाटरफॉल छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थल बन चुका है।

छत्तीसगढ़ में रामवन गमन पथ

प्रभु श्रीराम का छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है। ऐसी मान्यता है कि त्रेतायुग में छत्तीसगढ़ को दक्षिण कोसल के नाम से जाना जाता था, संभवतः इसी आधार पर श्री राम को कोषलाध ीष कहा जाता है। दक्षिण कोसल को ही श्रीराम का ननिहाल कहा जाता है। प्रभु श्रीराम ने वनवास काल का अधिकांष समय यहीं बिताया इसकी स्मषति चिन्ह भी अनेक स्थानों पर मौजूद हैं। यह भी मान्यता है कि बलौदाबाजार के तुरतुरिया स्थित वाल्मीकि आश्रम में माता सीता ने पुत्र लव और कुष को जन्म दिया था। श्रीराम के पुत्र कुष की राजधानी श्रावस्ती (वर्तमान में सिरपुर, जिला महासमुन्द) में होने के प्रमाण विभिन्न ग्रंथों में मिलते हैं। सिहावा क्षेत्र को सप्तऋशियों की तपोभूमि कहा जाता है। जनश्रुतियों के अनुसार सिहावा के प्राचीन मंदिर कर्णेष्वर मंदिर का संबंध त्रेतायुग से बताया जाता है।

पूरे देष में संभवतः छत्तीसगढ़ ही ऐसा राज्य है जहां लोग अपने भांजे के पैर छूकर प्रणाम करते हैं। कहा जाता है कि दक्षिण कोसल श्रीराम का ननिहाल होने के कारण उन्हें समूचे छत्तीसगढ़ का भांजा माना जाता है और यहां के लोग प्रभु श्री राम को श्रद्धा पूर्वक प्रणाम करते हैं। इसी कारण यहां के लोग अपने भांजे को श्रीराम का स्वरूप मानते हुए प्रणाम करते हैं और यह परिपाटी पूरे प्रदेष में है।

रामचरित मानस के बालकांड, किश्किंधा कांड और अरण्यक कांड में त्रेतायुग के ऋशि मुनियों को सताने वाले, उनके यज्ञ का ध्वंस करने वाले राक्षसों का वर्णन है। वनवास काल में ही इन्हीं राक्षसों का वध प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण द्वारा किए जाने का उल्लेख है। तत्कालीन दंडक क्षेत्र वर्तमान में बस्तर संभाग के अधिकांष जिलों में सम्मिलित है।

वनवास के दौरान माता सीता का अपहरण किए जाने के पष्चात उनकी खोज में प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण वन में यत्र तत्र भटकते रहे। इसी बीच उनकी भेंट षबरी माता से हुई, जिनके जूठे बेर प्रभु ने ग्रहण किए। षिवरीनारायण मंदिर (जिला जांजगीर) में स्थापित मंदिर में इसके अनेकों प्रमाण उपलब्ध हैं। मंदिर प्रांगण में एक अतिप्राचीन बरगद का पेड़ है जिसके पत्ते आज भी दोना के आकार में मुड़े हुए हैं। ऐसी मान्यता है कि षबरी ने इसी पेड़ के पत्तों से दोना बनाकर प्रभु श्रीराम को जूठे बेर परोसे थे। यहीं समीप के ग्राम खरौद में लक्ष्मणेष्वर मंदिर है जहां राम के अनुज लक्ष्मण ने षक्ति बाण के दुश्प्रभाव से मुक्त होने यहां स्थित प्राचीन षिवलिंग पर चावल के एक लाख साबूत दाने चढ़ाए थे। इसके बाद वे मेघनाथ के द्वारा चलाए गए षक्ति बाण के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त हो गए।

सरगुजा की सीताबेंगरा की गुफा को विष्व की सबसे प्राचीनतम नाट्यषाला माना जाता है। इस गुफा का इतिहास प्रभु श्री राम के वनवासकाल से जुड़ा है। कहा जाता है कि वे माता सीता और लक्ष्मण ने वनवास के समय उदयपुर ब्लॉक अंतर्गत रामगढ़ की पहाड़ी और जंगल में समय व्यतीत किया था। रामगढ़ के जंगल में तीन कमरों वाली एक गुफा भी है जिसे सीताबेंगरा के नाम से जाना जाता है। सीताबेंगरा का षाब्दिक अर्थ है सीता माता का निजी कक्ष। भरत मुनि के नाट्यषास्त्र में इस बात का उल्लेख मिलता है कि इस जगह पर विष्व की सबसे प्राचीनतम नाट्यषाला है, जहां पर उस समय लोग नाटकों का यहां मंचन किया करते थे। यह भी मान्यता है कि त्रेता युग में प्रभु श्री राम का खल्लारी (वर्तमान में जिला महासमुन्द) आगमन हुआ था, इस स्थान को द्वापर युग में खलवाटिका नगरी के नाम से जाना जाता था। यह भी मान्यता है कि प्रभु श्रीराम जिस नाव से यहां आए थे, अब वो पत्थर में तब्दील हो चुका है, और वो वैसा का वैसा ही है।

श्रीराम यहां कोरिया से लेकर कोंटा तक 2226 किमी पैदल चले और 12 चातुर्मास किए। प्रदेष के उत्तर में सरगुजा से लेकर दक्षिण के सुकमा तक श्रीराम से जुड़े स्थानों की पूरी श्रंष्खला मिलती है, जिनसे लोक आस्थाएं जुड़ी हुई हैं।

1. सीतामढ़ी–हरचौका (कोरिया) : यहां से पहली बार वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ छत्तीसगढ़ में प्रवेष किया था। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेष की सीमा पर मवई नदी के किनारे सीतामढ़ी–हरचौका स्थित है।

राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत 7 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से राम वाटिका और अन्य विकास कार्य कराए गए हैं।

2. रामगढ़ (सरगुजा) : अंबिकापुर से 60 किमी दूर रामगढ़ पर्वत स्थित है। भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता ने यहां वनवास का लंबा समय बिताया था। राम के तापस वेष के

कारण जोगीमारा, सीता के नाम पर सीता बेंगरा और लक्ष्मण के नाम पर लक्ष्मण गुफा भी है।

कहते हैं कि महाकवि कालिदास के मेघदूत में वर्णित रामगिरी पर्वत यही हैं। यहीं बैठकर कालीदास ने अपनी कृति मेघदूत की रचना की थी। विष्व की प्राचीनतम गुफा और नाट्य षाला भी यहां पर स्थित है।

यहां भगवान श्रीराम की विषाल प्रतिमा, रामायण व्याख्या केंद्र, कैफेटेरिया, सियाराम कुटीर, पर्यटक सूचना केन्द्र, नदी तट बनाया गया है।

3. षिवरीनारायण (जांजगीर–चांपा) : मान्यता है कि यहां श्रीराम और लक्ष्मण ने षबरी के जूठे बेर खाए थे। षिवरीनारायण नगर का अस्तित्व हर युग में रहा है। यह नगर मतंग ऋशि का गुरूकुल आश्रम और माता षबरी की साधना स्थली भी रही है। यह महानदी, षिवनाथ और जोंक नदी के त्रिधारा संगम के तट पर स्थित प्राचीन नगर है।

4.तुरतुरिया (बलौदाबाजार) : कसडोल तहसील से 12 किमी दूर तुरतुरिया स्थित है। इसे महर्शि वाल्मीकि का आश्रम और लव–कुष की जन्मस्थली कहा जाता है। यहां सुरंग से होकर एक जलकुंड गिरता है, जिसका निर्माण प्राचीन ईंटों से हुआ है। जिस जगह कुंड में जल गिरता है, वहां गोमुख बनाया गया है।

5. चंदखुरी (रायपुर) : रायपुर जिले के चंदखुरी में एक मात्र कौषल्या मंदिर है। ये दुनिया का एकमात्र मंदिर है, जहां भगवान राम बाल रूप में अपनी माता की गोद में विराजमान हैं।

6.राजिम (गरियाबंद) ' महानदी, पैरी और सोंढूर नदी के संगम राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाता है। बीजेपी सरकार में यहां राजिम कुंभ का आयोजन होता रहा है। वहीं कांग्रेस ने इसका नाम बदलकर माघी–पुन्नी मेला कर दिया था। मान्यता है कि माता सीता ने यहां कुलेष्वर महादेव की स्थापना की थी।

7. सिहावा (धमतरी) :वनवास के दौरान भगवान राम सिहावा में श्रंषी ऋशि के अंगीरा आश्रम आए थे। पत्थरों में उनके पद चिन्ह भी हैं। सिहावा धमतरी जिले की एक पर्वत श्रंष्खला है। यहीं से छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी का उद्गम भी हुआ है। श्रीराम ने वनवास का कुछ समय सिहावा में महानदी के तट पर बिताया था।

8. दलपत सागर (जगलदपुर) : जगदलपुर के प्राचीन दलपत सागर को राम वन गमन पथ के साथ जोड़ा गया है। पिछली सरकार में हुए षोध के मुताबिक दलपत सागर एक बड़े तालाब के रूप में विकसित है और यहां भगवान राम ने कुछ समय बिताया था।9. रामाराम (सुकमा) रू वनवास काल के दौरान भगवान राम रामाराम में ठहरे थे। यहां भू–देवी की पूजा–अर्चना की थी। करीब 500 साल पहले यहां चिटमिट्टिन माता मंदिर स्थापित किया गया। यहां छत्तीसगढ़ का पहला रॉक गार्डन बनाया गया है।

9. रामाराम (सुकमा) : वनवास काल के दौरान भगवान राम रामाराम में ठहरे थे। यहां भू–देवी की पूजा–अर्चना की थी। करीब 500 साल पहले यहां चिटमिट्टिन माता मंदिर स्थापित किया गया।

इतिहासकारों की माने तो पुराणों में भगवान राम से जुड़े 75 स्थल छत्तीसगढ़ में बताये जाते हैं। यहां बनी गुफा में रामायण के जीवंत चित्र उकेरे गए हैं।

छत्तीसगढ़ का पर्यटन विभाग राम वनगमन पथ में 20 नए स्थल षामिल किए जाने की तैयारी में जुट गया है। विभाग स्थलों को चिह्नित कर उनके विकास की नई कार्ययोजना तैयार कर रहा है। इन स्थलों में ज्यादातर लोक मान्यताओं पर आधारित हैं। जंगलों के बीचों–बीच और नदी के किनारे स्थित प्राचीन स्थलों को भी योजना में षामिल करने की संभावना है।पर्यटन विभाग के अनुसार वनगमन पथ में रायगढ़)कोरबा) धमतरी और बस्तर में कई ऐसे स्थल हैं जिन्हें षामिल नहीं किया गया था। पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में प्रदेष के ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थलों को चिह्नित किया जा रहा है। जंगल और नदी किनारे स्थित स्थलों को पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया जाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1 छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल,, सरस्वती बुक्स 2018 हिंदी गाइड छत्तीसगढ़ टूरिज्म एंड हिस्ट्री,

2 ऑफ टू छत्तीसगढ़, सोनिया मेहता, पब्लिकेशन पुफिन बुक्स सितंबर 2018

3 फुल आप सरप्राइज छत्तीसगढ़ टूरिज्म बुक, अमित पटेल और सौम्या शुक्ला ,,पब्लिकेशन जुलाई 11 /2020

4 छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल ,सुश्री के शारदा श्री कृष्ण पब्लिकेशन 2024

5 पर्यटन का स्वर्ग छत्तीसगढ़,,, शांति प्रकाशन इलाहाबाद,,2005

6 छत्तीसगढ़ के बौद्ध पुरातात्विक पर्यटन स्थल,, हिंदी साहित्य सदन ,,2023

7 छत्तीसगढ़ पर्यटन में राम वन गमन पथ,, बी आर पब्लिक कॉरपोरेशन 2018

MATS UNIVERSITY

MATS CENTER FOR OPEN & DISTANCE EDUCATION

UNIVERSITY CAMPUS : Aarang Kharora Highway, Aarang, Raipur, CG, 493 441

RAIPUR CAMPUS: MATS Tower, Pandri, Raipur, CG, 492 002

T : 0771 4078994, 95, 96, 98 M : 9109951184, 9755199381 Toll Free : 1800 123 819999

eMail : admissions@matsuniversity.ac.in Website : www.matsodl.com